अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2021
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर को हुमायूँ के मकबरे से किस ब्रिटिश सेना नायक ने गिरफ्तार किया था? **(1)**

(A) जान निकोलसन (B) हडसन
(C) कैम्बलिन (D) हैवलाक।

**2.** झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की समाधि कहाँ स्थित है? **(1)**

(A) झाँसी (B) ग्वालियर
(C) कानुपर (D) वाराणसी।

**3.** 1899 ई. में पुणे में 'विडो होम' की स्थापना किसने की थी? **(1)**

(A) डॉ. आत्माराम पांडुरंग (B) महादेव गोविन्द रानाडे
(C) केशव चन्द्र (D) डी. के. कर्वे।

**4.** स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कहाँ की थी? **(1)**

(A) लाहौर (B) मुम्बई
(C) प्रयागराज (D) जयपुर।

**5.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे? **(1)**

(A) दादाभाई नौरोजी (B) व्योमेश चन्द्र बनर्जी
(C) फिरोजशाह मेहता (D) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी।

**6.** गदर पार्टी का संस्थापक कौन था? **(1)**

(A) श्याम जी कृष्ण वर्मा (B) लाला हरदयाल
(C) राजा महेन्द्र प्रताप (D) बरकतुल्ला।

**7.** 'हिन्द-स्वराज' का लेखक कौन है? **(1)**

(A) लाला लाजपत राय (B) महात्मा गाँधी
(C) बालगंगाधर तिलक (D) अरविन्द घोष।

**8.** 'काकोरी काण्ड' में किसे फाँसी नहीं दी गई थी? **(1)**

(A) राम प्रसाद बिस्मिल (B) अशफाक उल्ला खाँ
(C) मन्मथ नाथ (D) राजेन्द्र लाहिड़ी।

**9.** 'कैबिनेट मिशन' भारत कब आया था? **(1)**

(A) 1942 ई. (B) 1944 ई.
(C) 1945 ई. (D) 1946 ई.

**10.** 'काला सोना' किसे कहा जाता है? **(1)**

(A) कोयला को
(B) जली लकड़ी को
(C) पेट्रोलियम और इससे बने उत्पाद को
(D) लोहा को।

**11.** 'भारत का मानचेस्टर' किसे कहा जाता है? **(1)**

(A) कानपुर को
(B) अहमदाबाद को
(C) मुम्बई को
(D) कोयम्बटूर को।

**12.** 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश साक्षरता की दृष्टि से किस स्थान पर है? **(1)**

(A) 15वें स्थान पर
(B) 20वें स्थान पर
(C) 24वें स्थान पर
(D) 29वें स्थान पर

**13.** भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला कौन-सी है? **(1)**

(A) हिमालय
(B) अरावली
(C) पश्चिमी घाट
(D) सतपुड़ा।

**14.** भारत में कुपोषण का स्तर मापने के लिए कितने वर्ष तक के बच्चे लिए जाते हैं? **(1)**

(A) 0-5 वर्ष तक के
(B) 0-8 वर्ष तक के
(C) 0-10 वर्ष तक के
(D) 0-12 वर्ष तक के

**15.** संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनीफेम (UNIFEM) का मुख्य कार्य क्या है? **(1)**

(A) स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देना
(B) पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना
(C) महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देना
(D) कृषि सुधार को बढ़ावा देना।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था? **(1)**

**17.** 1857 ई. के प्रथम स्वाधीनता संग्राम पर लिखी गयी सरकारी किताब कौन-सी है? **(1)**

**18.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में कितने सदस्य राष्ट्र होते हैं? **(1)**

**19.** स्वामी विवेकानन्द का बचपन का नाम क्या था? **(1)**

**20.** बंगाल-विभाजन के समय भारत का वायसराय कौन था? **(1)**

**21.** 1911 ई. में दिल्ली में आयोजित 'दिल्ली दरबार' में इंग्लैण्ड का कौन सम्राट् सम्मिलित हुआ था? **(1)**

**22.** चौरी-चौरा काण्ड किस आन्दोलन के दौरान हुआ था? **(1)**

**23.** किस गोलमेज सम्मेलन में गाँधीजी ने भाग लिया था? **(1)**

**24.** साइंटिफिक सोसाइटी की स्थापना किसने की थी? **(1)**

**25.** 'मिडे डे मील योजना' किस वर्ष प्रारम्भ की गयी थी? **(1)**

**26.** सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से कौन-सा रोग उत्पन्न होता है? **(1)**

**27.** नदियों में जल प्रदूषण की माप किससे की जाती है? **(1)**

**28.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का लिंगानुपात कितना है? **(1)**

**29.** विटीकल्चर क्या है? **(1)**

**30.** भारत पृथ्वी के किस गोलार्द्ध में स्थित है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के असफलता के चार मुख्य कारण बताइए। **(2)**

**32.** उन्नीसवीं शताब्दी के भारतीय समाज में कौन-कौन सी कुप्रथाएँ प्रचलित थीं? **(2)**

**33.** ज्योतिबा फुले कौन थे? समाज-सुधार हेतु इनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** रॉलेट एक्ट क्या था? **(2)**

**35.** गाँधीजी द्वारा चलाए गए असहयोग आन्दोलन पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** मौसम से आप क्या समझते हैं? भारत में पाये जाने वाले प्रमुख मौसमों को इंगित कीजिए। **(2)**

**37.** पर्यावरण क्या है? पर्यावरण का रक्षा कवच किसे कहा जाता है? **(2)**

**38.** संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी? इसके प्रमुख उद्देश्य क्या हैं? **(2)**

**39.** बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? भारत में बेरोजगारी के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**40.** भारत किस महाद्वीप में स्थित है? भारत के भौतिक स्वरूप को कितने भागों में बाँटा गया है? नामोल्लेख कीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2021

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN